Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 20-04-2005

Participants : Sahu Shri Chandra Sekhar

Title: Need to fill up backlog reserve vacancies for Class IV posts in Bokaro Steel Plant through local employment exchange with a view to rehabilitate displaced persons.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, बोकारो इस्पात प्रबंधन एवं विस्थापित अनुसूचित जातियों के प्रतिनिधियों के बीच एक समझौता हुआ था कि क्लास-चतुर्थ कर्मचारियों की नियुक्ति स्थानीय नियोजनालय के माध्यम से नाम मंगाकर की जाएगी । इसके विपरीत प्रबंधन क्लास-चतुर्थ कर्मचारियों के नियुक्ति में अनुसूचित जाति के 95 बैकलॉग नियुक्तियों को भरने के लिए पूरे देश से इंटरनेट के माध्यम से 75000 आवेदन पत्र मंगाए गए हैं । इनका साक्षात्कार कोलकाता में होने जा रहा है । प्रबंधन का यह कार्य न केवल कंपनी को करोड़ों का नुकसान पहुंचाने वाला है, बल्कि स्थानीय समझौते तथा केंद्र सरकार के नियमों एवं आदेशों के विपरीत भी है । इससे स्थानीय विस्थापित आंदोलनरत हैं जिससे विस्फोटक स्थिति उत्पन्न हो सकती है ।

अतः मैं केंद्र सरकार से इस पर अविलम्ब रोक लगाने एवं स्थानीय एक्सचेंज से विस्थापितों का नाम मंगाकर उन्हें नियोजन देने की मांग करता हूं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Only the approved text will go on record. The speech will not go on record.